जय जय गिरिबरराज किसोरी । जय महेस मुख चंद चकोरी ।।
जय गजबदन षडानन माता । जगत जननि दामिनि दुति गाता ।।
मानस गौरी स्तुति । राम कथा 914 - नवसारी,गुजरात । मोरारी बापू

दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 253 | इंदौर, शुक्रवार 24 मार्च, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## Headline

- **Rahul Defamation Case : राहुल की सजा को लेकर आज कांग्रेस का प्रदर्शन, शाम को पार्टी की उच्चस्तरीय बैठक**
- **'उनका अहंकार बड़ा और समझ छोटी': भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आरोप- राहुल ने ओबीसी समाज का अपमान किया**
- **PM modi Varanasi Visit: संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय पहुंचे पीएम मोदी, रोप-वे का करेंगे शिलान्यास**
- **रूस-यूक्रेन युद्ध का भारत पर असर: एयरफोर्स ने कहा- हथियारों की सप्लाई का वादा पूरा नहीं कर पाएगा रूस**
- **Earthquake in Gwalior: ग्वालियर में भूकंप, रिक्टर स्केल पर चार मापी गई तीव्रता, जान बचाने भागे लोग**
- **Supreme Court: सीबीआई, ईडी के दुरुपयोग का आरोप, 14 पार्टियों की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट**

फिर मौसम की मार

# अगले 4 दिन ओले-तेज आंधी और बारिश

## एमपी में नया सिस्टम एक्टिव, आज भोपाल-इंदौर में बादल, नरसिंहपुर-छिंदवाड़ा में बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश के कई जिलों में अगले 4 दिन तक ओले-तेज आंधी और बारिश जारी रहेगी। आज यानी शुक्रवार को भोपाल, इंदौर, जबलपुर-ग्वालियर में बादल छाए रहेंगे, तो नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें, तो नया सिस्टम एक्टिव हो गया है। हालांकि ये सिस्टम पिछले दो सिस्टम की तरह स्ट्रॉन्ग तो नहीं, लेकिन किसानों की मुश्किलें जरूर बढ़ा सकता है।**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से प्रदेश के उत्तरी-पूर्वी इलाकों में कहीं-कहीं हल्की बारिश और ओलावृष्टि का असर रहेगा। भोपाल, ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर, शहडोल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग में 27 मार्च तक मौसम का असर देखने को मिलेगा।



### इसलिए बदला मौसम

मौसम वैज्ञानिक नरेंद्र मेश्राम ने बताया कि राजस्थान के ऊपर चक्रवात बना है। वहीं, श्रीलंका से नॉर्थ मध्यप्रदेश की तरफ ट्रफ लाइन आ गई है। हालांकि, यह पिछले दो सिस्टम जितनी स्ट्रॉन्ग नहीं है, लेकिन इसका असर प्रदेशभर में रहेगा। 24 मार्च से वेदर डिस्टर्बेंस का असर ज्यादा दिखेगा। इससे प्रदेश के कई जिलों में फिर ओले गिरेंगे, तो 40 से 60ए्यद्व प्रतिघंटे की स्पीड से आंधी चलेगी। मार्च महीने में यह तीसरा सिस्टम है।

### भोपाल में आज बारिश के आसार

राजधानी में भी शुक्रवार को बारिश के आसार हैं। 15 मार्च को कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। इस दौरान ओलावृष्टि और तेज आंधी भी चल सकती है। इस बीच दिन का तापमान 33 और रात में पारा 18 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।

### कब, कहां बिगड़ेगा मौसम

24 मार्च -नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिले में गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गरजने की संभावना रहेगी।

25 मार्च - भोपाल, सीहोर, रायसेन और विदिशा में बादल छाए रहेंगे। वहीं, बिजली गिर भी सकती है। वहीं, चंबल संभाग के साथ ग्वालियर-दतिया जिलों में कहीं-कहीं, शहडोल-जबलपुर संभाग के सभी जिलों में ओले गिर सकते हैं। इस दौरान 40 से 50ए्यद्व प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।

26 मार्च -भोपाल संभाग के जिलों और नर्मदापुरम में ओलावृष्टि के आसार है। आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। रीवा, सागर, चंबल संभाग के साथ ग्वालियर-दतिया में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना। शहडोल-जबलपुर संभाग में ओलावृष्टि के साथ तेज आंधी चलेगी। आंधी की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा रहने की संभावना है।

27 मार्च - प्रदेश के कुछ जिलों में मौसम बदला सा रहेगा।


# एमपी में कोरोना के 47 केस

## सबसे ज्यादा 27 एक्टिव केस के इंदौर में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। देश के साथ-साथ प्रदेश में भी कोविड संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। गुरुवार को प्रदेश में 15 नए पॉजिटिव केस मिले हैं। इससे कोविड संक्रमितों की संख्या 47 हो गई है। सबसे ज्यादा 27 केसों के साथ इंदौर हॉटस्पॉट बन गया है। जबकि राज्य के 7 जिले कोविड संक्रमित हो गए हैं।

स्वास्थ्य संचालनालय के कोविड हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक गुरुवार को भोपाल में 8 और इंदौर में 4 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। सभी मरीजों को होम क्वारेंटाइन किया गया है। भोपाल में 12 एक्टिव केस हैं। गुजरात की सीमा से सटे अलीराजपुर में गुरुवार को 2 पॉजिटिव केस मिले हैं। बड़वानी में दो दिन पहले कोरोना का एक पॉजिटिव मरीज मिला था। जबकि बड़वानी की बॉर्डर से लगे पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में गुरुवार को 159 कोविड संक्रमित मरीज मिले हैं। ऐसे में बड़वानी में कोविड प्रोटोकॉल का पालन सख्ती से नहीं होने पर संक्रमण बढन्ने के खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता।



राज्य की कोविड पॉजिटिविटी दर गुरुवार को 3.9 हो गई है। बुधवार को 1.4 थी। रिपोर्ट के मुताबिक बीते 24 घंटे में प्रदेश की कोविड पॉजिटिविटी दर 2.5 प्रतिशत बढ़ी हैं। स्वास्थ्य संचालनालय के अफसरों ने बताया कि गुरुवार को प्रदेश की अलग-अलग लैबोरेटरी में 380 कोरोना संदिग्ध मरीजों के नमूनों की जांच की गई। इनमें से 15 सैंपल जांच में पॉजिटिव निकले। जो जांचे गए सैंपल्स में से 3.9 प्रतिशत हैं।

### 6 जिलों की वीकली कोविड संक्रमण दर 10 प्रतिशत से ज्यादा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वीकली कोविड पॉजिटिविटी रेट रिपोर्ट के अनुसार मप्र के 6 जिलों में कोरोना संक्रमण का खतरा दूसरे जिलों की अपेक्षा ज्यादा है। इसकी वजह संबंधित जिलों में वीकली कोविड पॉजिटिविटी दर 10 प्रतिशत से ज्यादा होना है। इन जिलों में बड़वानी, सिवनी, धार, आगर-मालवा, अलीराजपुर और रतलाम शामिल हैं।

पूर्व गृह मंत्री का बड़ा बयान

# सीएम शिवराज को सपने में भी कमलनाथ ही दिखते हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बेरोजगारी सहित कई मुद्दों को लेकर पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन ने इंदौर में मीडिया से चर्चा की। जहां उन्होंने सीएम शिवराज सिंह चौहान को लेकर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि सीएम शिवराज सिंह को सपने में कमलनाथ दिखते हैं।**

दरअसल, गुरुवार को इंदौर के प्रेस क्लब में पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ मीडिया से चर्चा करने पहुंचे। बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों पर उन्होंने प्रदेश सरकार को घेरा। सीएम द्वारा कमलनाथ पर दिए एक बयान को लेकर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि ये सीएम का डर है। जिस तरह से क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने शेन वॉर्न को खूब ठोका था और शेन वॉर्न ने आस्ट्रेलिया जाकर बोला था कि सचिन तेंदुलकर सपने में भी दिखते है, ऐसे ही शिवराज सिंह जी को कमलनाथ जी सपने में भी दिखते है। आदिवासियों को लेकर उन्होंने कहा कि ये राज्य देश का सबसे बड़ा आदिवासी राज्य है। लगभग 22-23ल आदिवासी यहां रहते है। कई आदिवासियों को ये लगा है कि शिवराज सरकार ने उन्हें खूब छला है। मध्यप्रदेश का आदिवासी इस सरकार के खिलाफ सोच बनाया है और वे कमलनाथ जी के साथ खड़े है।

महू में हुई घटना को लेकर वे बोले कि जो प्रशासनिक और पुलिस कसावट हमारी सरकार में रही है वह अभी इसमें नहीं है। जब हम उनके परिजनों से मिलने गए थे तब आदिवासी युवती के पिता के मुंह से हमने सुना कि 12 बजे फोन आया उसके आधे घंटे बाद पुलिस का फोन आया कि आपकी बेटी की डेथ हो गई है। हमने एफआईआर की मांग की, पहले ही हो जाती तो ये घटना भी नहीं होती। उन्होंने जबलपुर की एक घटना का भी जिक्र किया। इंदौर में प्रिंसिपल को जलाने की घटना पर उन्होंने कहा कि कहीं भी जुर्म, अपराध होता है तो हम उसे विधानसभा, सड़क और मीडिया में उठाते है, ऐसी घटना नहीं होना चाहिए। सरकार ने प्रदेश की जनसंख्या के हितों की रक्षा की जो शपथ ली है वह होना चाहिए, अगर सरकार चुकती है तो हम उसे दमदारी से उठाते है। इन सब पर कमलनाथ जी की पैनी नजर रहती है। वे बोले कमलनाथ जी की चक्की जरूर धीमी चलती है, लेकिन वह बारिक पीसती है।

पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन ने अपनी बात रखते हुए कहा कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 की बात करें तो करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद शिवराज सिंह जी ने बोला था कि इस समिट से 29 लाख रोजगार के पद सृजन होंगे, सीएम उद्योग लाने की बात करते है, इनवेस्टर्स लाने की बात करते है वहीं दूसरी तरह निवेश प्रोत्साहन योजना में आप बजट को क्यों कम करते जा रहे है ? उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र में एक जवाब आया है यशोधरा राजे जी के द्वारा कि हमारे रोजगार कार्यालय में जो पंजीयन है वहां 37 लाख 80 हजार से ज्यादा शिक्षित बेरोजगारों का पंजीयन है और 1 लाख 12 हजार से ज्यादा अशिक्षित बेरोजगारों का पंजीयन है। हमारी सरकार जाने के पहले 22 लाख बेरोजगारों का पंजीयन था और अब वह काफी बढ़ गया है। पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार अभी तक हमें व्यापमं का न्याय नहीं दिला पाई है। 10वीं और 12वीं की परीक्षा के पेपर लीक होना यानी व्यापमं 2004 में जो आया है उसमें अपनी जड़े नीचे तक गहरी कर ली है।

# पीपल्याहाना कांकड़ में मास्टर प्लान में प्रस्तावित आरई- 2 का निर्माण निगम ने शुरू किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीपल्याहाना कांकड़ में मास्टर प्लान में प्रस्तावित आरई- 2 का निर्माण निगम ने शुरू कर दिया है। इसके चलते सबसे पहले आरई-2 में बाधित वस्ती पीपल्याहाना काकड़ में रहने वाले परिवारों को शिफ्टिंग का काम किया जा रहा है। कल शिफ्टिंग के दौरान हंगामा और विवाद हुआ। इसके चलते भाजपा विधायक और पार्षद से लेकर कांग्रेस नेता मौके पर पहुंच गए। बावजूद इसके काकड़ से 15 परिवारों को सनावदिया में बने प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट में शिफ्ट कर दिया गया।**

मास्टर प्लान में प्रस्तावित आरई- 2 का निर्माण नगर निगम ने शुरू कर दिया है। रोड का निर्माण भूरी टेकरी से नेमावर रोड होते हुए नायता मंडला स्थित नए आरटीओ ऑफिस तक किया जा रहा है। आर्य-2 में बाधित 7 बस्तियों में से तीन शांति नगर, नए आरटीओ के पास की बस्ती और पंचमुखी हनुमान नगर के परिवारों को पूरी तरह हटा दिया गया है। अब पीपल्याहाना कांकड़ के 350 परिवारों को हटाने की कार्रवाई चल रही है। इसको लेकर खूब नेतागीरी भी हो रही है। कल जब प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी सामाजिक विकास विशेषज्ञ संतोषी गुप्ता कांकड़ में रहने वाले परिवारों से फ्लैट की अंशदान राशि 20 हजार रुपए जमा कराने के साथ सनावदिया में बने फ्लैट में शिफ्टिंग करवा रही थीं तब क्षेत्र के लोगों ने हंगामा किया। इसी दौरान कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। इनके आने पर लोगों ने शिफ्टिंग की कार्रवाई कर रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के अफसरों और कर्मचारियों से विवाद करना शुरू कर दिया। पटेल और लोगों का कहना था कि बस्ती को नहीं हटाया जाए। रोड का निर्माण वस्ती के मकानों को छोड़कर कर लिया जाए। इस पर सामाजिक विकास विशेषज्ञ गुप्ता ने कहा कि यह संभव नहीं है, नहीं पहुंचा। क्योंकि मास्टर प्लान को बदला नहीं जा सकता है। हंगामे के बीच कांग्रेस पार्षद सीमा सोलंकी भी पहुंच गई थी। जो कि भाजपा विधायक महेंद्र हार्डिया के पहुंचने पर खत्म हुआ।

# महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार और केरल के स्वच्छता दूत करेंगे 27-28 मार्च को प्रदेश की यात्रा

● सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की स्वच्छता को देखेंगे और समझेंगे स्वच्छता दूत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । देश भर में महिला नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा स्वच्छता यात्रा की जा रही है। मध्यप्रदेश में 27-28 मार्च को स्वच्छता दूत यात्रा पर आएंगे। स्वच्छता यात्रा का उद्देश्य अंतरराज्यीय पीयर लर्निंग को बढ़ावा देना है। प्रत्येक राज्य से 10 सदस्यीय समूह, स्वच्छता दूत के रूप में दूसरे राज्य की यात्रा कर विभिन्न स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का अवलोकन करेगा। जिन शहरों की यात्रा स्वच्छता दूत करेंगे उन शहरों को दूतों की मेहमानवाजी का दायित्व निभाना होगा।**

महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार और केरल से आने वाले स्वच्छता दूत इन्दौर, गुना, राघौगढ़ (विजयपुर) और नीमच नगर में स्वच्छता का अवलोकन करेंगे। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त भरत यादव द्वारा इंदौर के नगर निगम आयुक्त और गुना, राघोगढ एवं नीमच के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि स्वच्छता यात्रा के लिए दो समन्वयक नियुक्त किये जाये।

स्वच्छता दूतों को हैंड होल्डिंग और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करने के लिये हेल्प-डेस्क स्थापित की जाये। स्वच्छता दूतों की यात्रा के प्रलेखीकरण और छायांकन कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। स्वच्छता दूतों की प्रदेश में यात्रा चिर-स्मरणीय रहे, इसके लिए उन्हें निकायों द्वारा स्मृति-चिन्ह भी प्रदान किया जायेगा।

# इंदौर के सात अस्पतालों का होगा आडिट

## आयुष्मान घोटाले में मरीजों की केस शीट निकालकर पड़ताल की जाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मरीजों के उपचार में गड़बड़ी करने वाले इंदौर के सात अस्पतालों का योजना में संबद्ध होने के दिन से आडिट किया जाएगा। इसमें उपचारित मरीजों से भी पूछताछ की जाएगी। सभी मरीजों की केस शीट निकालकर पड़ताल की जाएगी।जांच में यह देखा जाएगा कि वास्तव में मरीज उपचार के लिए भर्ती हुआ था या अस्पताल ने फर्जी तरीके से भर्ती दिखाकर दावा राशि ले ली। गड़बड़ी मिली तो वसूली करने के साथ ही एफआइआर समेत अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि योजना का संचालन करने वाले राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने इसी माह इंदौर के सात अस्पतालों की जांच की थी, जिसमें कई अनियमितताएं मिली थीं। कुछ अस्पतालों ने भर्ती के लिए जितने मरीजों का पंजीयन पोर्टल पर दिखाया था, उतने मरीज नहीं मिले। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अस्पतालों की बकाया दावा राशि भी रोक दी गई है।

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने जिन सात अस्पतालों की जांच की है, उनमें अभी सिर्फ इंडेक्स मेडिकल कालेज की आयुष्मान भारत योजना से संबद्धता निलंबित की गई है। बाकी अस्पतालों से जब्त दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसके बाद इन अस्पतालों की संबद्धता निलंबित या समाप्त करने का निर्णय हो सकता है। गड़बड़ी से जितनी कमाई की गई है, उसका तीन से पांच गुना तक अर्थदंड लगाया जाएगा। सूत्रों की माने तो आयुष्मान भारत योजना के काल सेंटर के माध्यम से मरीजों से पूछताछ होगी। मरीज की जो बीमारी केस शीट में बताई गई है उसके लिए भर्ती करने की जरूरत थी या नहीं। बिल बढ़ाने के लिए मरीज को बेवजह गहन चिकित्सा इकाई में तो नहीं रखा गया। भर्ती के दौरान जो फोटो पोर्टल पर अपलोड किया गया, वह ओपीडी या किसी शिविर का तो नहीं है, आदि बिंदुओं की जांच कराई जाएगी।

# जेईई कोचिंग के लिए विशेष कैंपस लॉन्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में भारत के अग्रणी आकाश बायजूस ने इंदौर में अपने इंजीनियरिंग कार्यक्रमों की बढ़ती मांग को देखते हुए जेईई उम्मीदवारों के लिए एक विशेष परिसर खोला है। आकाश बायजू के पूरे भारत में फैले केंद्रों के नेटवर्क में यह नया जुड़ाव प्लॉट नंबर 3ए, पहली मंजिल, साकेत टॉवर, रतलाम कोठी, एबी रोड, इंदौर में स्थित, केंद्र में 24 कक्षाएं हैं और 2400+ छात्रों को सीधे कक्षाएं प्रदान कर सकता है। कनेक्टेड और स्मार्ट क्लासरूम की विशेषता के साथ, केंद्र अपने हाइब्रिड पाठ्यक्रमों के छात्रों को एक सहज सीखने का अनुभव भी प्रदान कर सकता है। नए केंद्र का शुभारंभ डॉ. अंकित केलोत्रा, उप निदेशक, आकाश बायजूस ने कंपनी के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

छात्र अपनी मार्कशीट साझा करके सीधे प्रवेश सह छात्रवृत्ति परीक्षा (आईएसीएसटी), एसीएसटी के लिए नामांकन कर सकते हैं और प्रवेश ले सकते हैं या प्रवेश लेने के लिए इस वर्ष के अंत में आकाश बायजू नेशनल टैलेंट हंट परीक्षा (एंथे) के लिए पंजीकरण कर सकते हैं, जो संस्थान की प्रमुख वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा है। आकाश बायजूस के सीईओ श्री अभिषेक महेश्वरी ने इंदौर में जेईई के लिए विशेष परिसर के शुभारंभ के बारे में कहा, हआकाश बायजूस में हम छात्र-केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा देने में विश्वास करते हैं, जिसका अर्थ है पाठ्यक्रम प्रदान करना और छात्रों को शिक्षा प्रदान करना। वे जहां भी हों। इंदौर में जेईई उम्मीदवारों के लिए हमारे विशेष परिसर के लॉन्च के साथ हम छात्रों को मानकीकृत प्रत्यक्ष कोचिंग सेवाएं प्रदान करने के अपने लक्ष्य की ओर एक और कदम बढ़ा रहे हैं।

● मंत्री सिलावट के प्रयासों से सांवेर क्षेत्र को सौगात

# सिंगापुर टॉउनशिप में लगभग 41 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा रेल्वे ओवर ब्रिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में विकास को नयी गति मिली है। सांवेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक और जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के अथक प्रयासों से सांवेर क्षेत्र को नए वर्ष में पुलों की एक बड़ी सौगात मिली है। श्री सिलावट के प्रयासों से सिंगापुर टॉउनशिप में लगभग 41 करोड़ रुपए की लागत से रेल्वे ओवर ब्रिज बनाया जायेगा। साथ ही सोलसिंधी के समीप शिप्रा नदी पर तीन करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से टू-लेन ब्रिज बनने वाला है। इन पुलों की स्वीकृतियां प्राप्त हो गई है। ओपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होगा। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि नागरिकों की समस्याओं से उबारने के लिये इन पुलों का निर्माण किया जा रहा है। इंदौर शहर के समीप सिंगापुर टॉउनशिप में रेल्वे ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है। इससे इस कॉलोनी के साथ ही इसके आस-पास की लगभग 18 से 20 कॉलोनियों के नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। बताया गया कि रेल्वे ओवर ब्रिज नहीं होने से इन कॉलोनियों के नागरिकों को बारिश के दिनों में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता था। मुख्य रोड़ से इनका संपर्क प्रायः समाप्त हो जाता था। श्री सिलावट ने बताया कि इस रेल्वे ओवर ब्रिज के लिये बजट के लिये राशि का प्रावधान भी हो गया है। ड्राइंग बन गई है। लोक निर्माण विभाग के सेतु शाखा द्वारा प्रायवेट संपत्तियों का सीमांकन एंव मूल्यांकन कराया जा रहा है।

# 16 भांग, 12 भांगघोटा एवं एक भांग मिठाई की फुटकर बिक्री की दुकानों का टेंडर के माध्यम से होगा निष्पादन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में समस्त 16 भांग, 12 भांगघोटा एवं एक भांग मिठाई की फुटकर बिक्री की दुकानों का एकल समूह के रूप में निष्पादन टेंडर के माध्यम से किया जायेगा। इसके लिये प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। उक्त निष्पादन के संबंध में नीति-निर्देश कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी के अलावा आबकारी विभाग की वेबसाइट से भी प्राप्त की जा सकती है। टेंडर प्रपत्र क्रय करने के लिये अंतिम तिथि 27 मार्च के दोपहर दो बजे तक रहेगी। टेंडर प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 मार्च को अपरान्ह 3 बजे तक होगी। टेंडर प्रपत्र खोलने की कार्यवाही 27 मार्च को ही दोपहर साढ़े 3 बजे की जायेगी।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



# महाकालेश्वर मंदिर के सामने से नहीं हटा रहे अतिक्रमण, बेअसर हुई शिकायतें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर से संपूर्ण जगत में उज्जैन की पहचान है, और इस मंदिर के सामने से ही अतिक्रमण है। अतिक्रमण भी एक-दो लोगों का नहीं, बल्कि दर्जनों लोगों का, जिन्होंने अपने घर के आगे नाली से 20 फीट आगे तक सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर हार-फूल, प्रसाद, श्रृंगार की दुकानें तान ली है।**

छोटे-छोटे रेस्त्रां खोल लिए हैं। इस स्थिति से आसपास के रहवासियों का शांति से गुजर-बसर करना भी मुश्किल हो गया है। मुख्य सड़के पीछे की पट्टी में रहने वाले लोगों की तो आवाजाही तक बाधित हो गई है। प्रभावित लोगों का कहना है कि कई मर्तबा अफसरों को शिकायत की, मगर कभी निराकरण के लिए कदम नहीं उठाया।



मालूम हो कि उज्जैन को स्वच्छ और सुंदर बनाने को पिछले माह नगर निगम ने छत्री चौक, फव्वारा चौक, बेगमबाग, तोपखाना, देवासगेट से अतिक्रमण हटाया था। सड़क किनारे खुले रूप से मांस-अंडे बेचने पर प्रतिबंध लगाया था। उपायुक्त चंद्रशेखर निगम ने भारी विरोध को ठंडा कर कार्रवाई को अंजाम दिया था।

कई लोगों का सामान तक जब्त किया था। इस कार्य के लिए नगर निगम अधिकारियों को बजट परिचर्चा में प्रबुद्ध जनों की ओर से बधाई भी मिली थी। साथ ही यह उम्मीद जागी थी कि अगले चरण में महाकालेश्वर मंदिर के ठीक सामने से और फ्रीगंज क्षेत्र से भी अतिक्रमण हटेंगे। यहां की सड़के भी लोगों को आवाजाही के लिए खुली मिलेंगी।

हालांकि ऐसा नहीं हुआ। इसके पीछे वजह राजनीतिक दबाव माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि अतिक्रमण का मुद्दा सिर्फ चर्चा बना है, वास्तविक रूप से जिन अतिक्रमणकर्ताओं पर कार्रवाई होना चाहिए, उन पर कभी की ही नहीं गई। निगम ने बीते माह, बीते वर्ष जितने भी अतिक्रमण हटाए वो सड़क पर ठेला, गुमटी लगाने वाले उन कमजोर आय वर्ग के लोगों के या उस विशेष वर्ग के जो भाजपा सरकार और उनके 'मुलाजिमों' से फिलहाल किसी तरह का बैर नहीं लेना चाहते।

## ● सिंहस्थ क्षेत्र से भी नहीं हटा रहे

सिंहस्थ क्षेत्र से भी नगर निगम और राजस्व विभाग का अतिक्रमण नहीं हटा रहा है। हां, अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, कलेक्टर कई मर्तबा निर्देश जरूर दे चुके हैं। इन निर्देशों की कागजी खानापूर्ती करने के लिए वर्ष 2016 के बाद हुए 331 अतिक्रमण की सूची भी बना ली गई है, मगर इससे आगे कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वजह भी साफ है।

# सिंघाड़े के आटे की हलवा-पूड़ी खाई, 49 बीमार

## ● फूड पॉइजनिंग से 31लोग अस्पताल में भर्ती; उल्टी-दस्त और चक्कर की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़ । सिंघाड़े के आटे से बनी हलवा-पूड़ी खाने से 49 लोगों को फूड पॉइजनिंग हो गया। इनमें से 31 अस्पताल में भर्ती हैं। इन्हें उल्टी-दस्त और चक्कर आ रहे थे। मामला टीकमगढ़ और सागर जिले का है। पीड़ित लोगों ने नवरात्र के पहले दिन बुधवार को फलाहार के रूप सिंघाड़े के आटे से बनी हलवा-पूड़ी खाई थी।**

टीकमगढ़ के जतारा, बलदेवगढ़ सहित शहर के 42 से ज्यादा लोग बीमार हुए हैं। सभी ने पहले स्थानीय स्तर पर इलाज कराया। आराम नहीं मिला तो बुधवार रात को जिला अस्पताल पहुंचे। गुरुवार दोपहर तक जिला अस्पताल में 24 से ज्यादा पीड़ित भर्ती हो चुके हैं। एक-एक पलंग पर दो-दो मरीजों को एडमिट किया गया है। हालात में सुधार होने पर दो लोगों को डिस्चार्ज भी किया गया है।

### रात 12 बजे बिगड़ी हालत

जतारा के वंशी नामदेव ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन पत्नी के साथ सिंघाड़े के आटे से बना फलाहार किया था। इसके कुछ देर बाद उल्टी-दस्त होने पर परिजन रात 10 बजे जतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां से रात करीब 12 बजे जिला अस्पताल ले जाया गया। जतारा के ही डीके गुप्ता की भी यही स्थिति है। लोगों की शिकायत पर खाद्य विभाग की टीम ने सिंघाड़े के आटे का पैकेट जब्त कर सैंपल जांच के लिए भेजे हैं।

### दुकानों पर इंदौर से आया था सिंघाड़े का आटा

जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम सीपी पटेल ने बताया कि हॉस्पिटल में जतारा, बलदेवगढ़ और टीकमगढ़ के लोगों को भर्ती कराया गया है। पूछताछ में पता चला है कि लोगों ने माधुरी ब्रांड के सिंघाड़े के आटा का उपयोग किया। जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ी। यह प्रोडक्ट इंदौर का है। इसकी जांच की जा रही है। एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती सभी लोगों की तबीयत में सुधार बताया है।

### बीना में एक ही दुकान से खरीदा था आटा

सागर जिले के बीना के शास्त्री वार्ड निवासी स्वदेश रिछारिया ने बताया कि उन्होंने बुधवार रात डब्बू किराना स्टोर से सिंघाड़े का आटा खरीदी था। इस आटे का हलवा और पूड़ी बनाकर घर के लोगों ने खाई थी। उसके बाद देर रात में सभी की हालत बिगड़ने लगी। स्वदेश के पड़ोसी शालू बिलगैया ने भी इसी दुकान से आटा खरीद कर पूड़ी बनाकर खाई थी। दोनों परिवार के 7 सदस्य बीमार हो गए।

मामले को लेकर डब्बू किराना स्टोर संचालक सौरभ जैन का कहना है कि जो सिंघाड़ा आटा हमने दिया था, वह एक्सपायर डेट का नहीं है। नवरात्र शुरू होने के पहले करीब दस किलो आटा बड़ी बजरिया की एक दुकान से खरीदा था।

# हाइड्रोजन गैस रिसने से 4 मजदूर झुलसे

## ● ग्रेसिम के केमिकल डिवीजन में मेंटेनेंस के दौरान हादसा; 3 इंदौर रेफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नागदा। उज्जैन के नागदा में बिरला समूह के उद्योग ग्रेसिम केमिकल डिवीजन में गुरुवार को हादसा हो गया। यहां गैस रिसाव से 4 मजदूर झुलस गए। इन्हें जनसेवा हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां से 3 को गंभीर हालात के चलते इंदौर रेफर किया गया। हादसे के बाद संभागीय टीम जांच के लिए फैक्ट्री पहुंची।**

दरअसल, ग्रेसिम केमिकल डिवीजन में कास्टिक प्लांट में हाइड्रोजन पाइप लाइन का मेंटेनेंस चल रहा था। इसी दौरान 4 मजदूर गैस की चपेट में आ गए। इसमें श्रीराम (35) पिता दिलीप, गोविंद (32) पिता देवीलाल, राजेश धनक (27) पिता शालीग्राम धनक और प्रगट सिंह (57) पिता मुख्तार सिंह घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम दोपहर में ही नागदा पहुंची। इधर, हादसे के बाद उद्योग के अधिकारियों ने अपने फोन बंद कर लिए। उद्योग के गेट पर सुरक्षा गार्ड खडे कर मीडियाकर्मियों को अंदर जाने से रोक दिया गया।

तीनों गंभीर मजदूरों का इलाज इंदौर के चोइथराम अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि तीनों 30 प्रतिशत तक झुलसे हैं। ग्रेसिम केमिकल डिवीजन में जहां हादसा हुआ, वहां ब्लीचिंग पाउडर और कास्टिक सोडा बनाया जाता है। यह काफी ज्वलनशील पदार्थ है। इस उद्योग का ब्लीचिंग पाउडर प्रदेश के कई महानगरों में सप्लाई किया जाता है।

### 9 नवंबर को भी हुआ था हादसा

ग्रेसिम केमिकल डिवीजन में बीते साल 9 नवंबर को भी एक हादसा हुआ था। इसमें एक मजदूर विक्रम सिंह (57) गंभीर घायल हुआ था। उसे गंभीर हालत में इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान 13 दिसंबर को उसकी मौत हो गई थी।

# महिला की सिर कटी लाश का खुलासा, पति निकला हत्यारा

## बेटे के साथ मिलकर शव का गला काटा; सिर पेट्रोल से जलाया, धड़ रेत में दबाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** बैतूल में तीन महीने पहले मिली महिला की सिर कटी लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। महिला की शिनाख्त कालापाठा में रहने वाली राधा राजपूत (41) के रूप में हुई। जिसकी हत्या उसके ही पति शैलेंद्र राजपूत ने की थी। लाश को ठिकाने लगाने में आरोपी के बेटे ने भी उसका साथ दिया था। पुलिस ने बाप-बेटे समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिया के नीचे सिर धड़ से अलग कर दिया

7 दिसंबर 2022। पूर्व फारेस्ट गार्ड शैलेंद्र राजपूत ने पत्नी के सिर पर फावड़ा मारकर उसकी हत्या कर दी। फिर लाश को घर ही छिपा दिया। सुबह उसने अपने दोनों बेटों को स्कूल भेज दिया। शाम को जब बच्चे लौटे तो 14 साल के बड़े बेटे को उसकी मां के कत्ल की कहानी सुनाई। फिर दोनों ने लाश को ठिकाने लगाने की प्लानिंग की। शाम ढलते ही बाप-बेटे ने लाश को कपड़ों में लपेटा और कार से उसे हनुमान डोल के करीब लेकर पहुंचे। यहां लाश को पुलिया के नीचे ले गए। वे अपने साथ लोहे की आरी भी लेकर आए थे। दोनों ने मिलकर महिला के शव का सिर काट दिया।

### सिर लपेटकर घर ले आए आरोपी

आरोपियों ने सिर कटी लाश को पुलिया के नीचे रेत में दबा दिया था। वे सिर को कपड़े में लपेटकर घर ले आए। फिर प्लानिंग की गई कि सिर को कहां दफनाया जाए। बाप-बेटे कार से कटे सिर को लेकर नेशनल हाईवे पर शाहपुर की तरफ रवाना हुए। यहां निशाना डैम के पास सिर को एक गड्ढे में पेट्रोल डालकर जला दिया।

### फारेस्ट बीट गार्ड ने देखी थी लाश

27 दिसंबर का दिन। बैतूल के रानीपुर थाना क्षेत्र में वन विभाग के बीट गार्ड शांतिलाल पचोरिया को हनुमान डोल के पास बदबू आई। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो एक बैल मरा दिखाई दिया। 28 दिसंबर को जब बदबू ज्यादा आने लगी तो उसने पुलिस को सूचना दी। 29 दिसंबर को पुलिस वहां पहुंची। हनुमान डोल से 50 मीटर दूर एक पुलिया के नीचे प्लेटफार्म से सटी रेत पर चादर से लिपटा एक शव दिखाई दिया। जिसके सिर्फ पैर दिख रहे थे। यह शव पत्थर और रेत में ढका हुआ था। पुलिस ने शव बाहर निकाला तो धड़ मिला लेकिन सिर गायब था। एसडीओपी रोशन जैन के मुताबिक महिला का शव जिस हालत में मिला उससे लग रहा था कि वह किसी मिडिल क्लास परिवार से है।

### गुम हुई 500 महिलाओं से जानकारी जुटाने की कोशिश

सिर न होने से महिला की शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। ऐसे में पुलिस ने इस लाश से जुड़ी जानकारी अन्य थानों में देने के साथ सूचना देने वाले को दस हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी। एसपी सिमाला प्रसाद ने इस मामले में एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने बैतूल और सीमावर्ती जिले होशंगाबाद, छिंदवाड़ा, हरदा, खंडवा, खरगोन के अलावा भोपाल, इंदौर के साथ महाराष्ट्र के सीमावर्ती जिलों से गुम महिलाओं की जानकारी प्राप्त की। जिसमें करीब 500 महिलाओं की जानकारी प्राप्त कर शव की पहचान करने की कोशिश की गई।

### पुलिस को ऐसे मिला सुराग

13 मार्च 2023 का दिन। सागर से आए दिलीप सिंह ने बैतूल गंज थाना में अपनी बहन राधा के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि उसका जीजा शैलेंद्र राजपूत बता रहा है कि बहन दो महीने पहले सागर स्थित मायके गई है। जबकि वह मायके पहुंची ही नहीं। ऐसे में पुलिस ने महिला के पति शैलेंद्र राजपूत व परिजनों को पूछताछ के लिए थाना तलब किया गया। शैलेंद्र रंग पंचमी से ही अपने घर से फरार हो गया था। इससे पुलिस का शैलेंद्र पर शक और गहरा गया।

### कॉल डिटेल से महाराष्ट्र में मिली लोकेशन

शैलेंद्र की तलाश के लिए मुखबिर लगाए गए। साइबर सेल की मदद से उसकी कॉल डिटेल्स निकाली गई। लोकेशन महाराष्ट्र में मिली। टीम पुणे रवाना की गई। टीम ने आरोपी को श्रीनिवास कंपनी, नवलखा उमरी के आसपास पकड़ा। आरोपी शैलेंद्र रंगपंचमी से फरार होने के बाद से उसके दोस्त गोविंद वरकडे के कल्लढाना स्थित घर पर छिप कर रह रहा था। गोविंद को उसने हत्या की जानकारी दी थी। गोविंद ने ही आरोपी के छिपने की व्यवस्था की थी। बताया जा रहा है कि पति पत्नी के बीच मायके में बेचे गए एक प्लॉट के पैसों को लेकर अक्सर विवाद होता था। यहीं नहीं शैलेंद्र के किसी अन्य महिला से अवैध संबंधों को लेकर भी घर में झगड़े होते थे। घटना के दिन भी इसी वजह से विवाद हुआ। जो इतना बढ़ा कि आरोपी ने पत्नी की जान ले ली।

## संपादकीय

### मजबूर न हो जाएं

साल से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी सरकार किसानों की मांगों पर चुप्पी साधे हुई है, इसलिए स्वाभाविक ही उनमें रोष है। वे ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। हालांकि संयुक्त किसान मोर्चा ने आंदोलन से वापस लौटते वक्त भी कहा था कि उसके लोग कुछ दिनों के लिए छुट्टी पर जा रहे हैं, समय-समय पर सरकार के वादों की समीक्षा करते रहेंगे और अगर सरकार का रुख सकारात्मक नजर नहीं आएगा, तो वे वापस आंदोलन पर उतरेंगे। एक बार फिर किसान अपनी मांगों की याद दिलाने दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचे। संयुक्त किसान मोर्चा ने महापंचायत की। उसके प्रतिनिधि कृषिमंत्री से मिले और उन्हें याद दिलाया कि जिन वादों के साथ किसान आंदोलन समाप्त हुआ था, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हो पाया है। अच्छी बात है कि इस बार न तो पुलिस ने उन्हें दिल्ली में घुसने और महापंचायत करने से रोका और न कृषिमंत्री ने उनसे मिलने से कन्नी काटी। मगर सरकार के रुख से किसान संतुष्ट नजर नहीं आए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी, तो वे एक बार फिर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनकी पांच प्रमुख मांगों में न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बनाना, बिजली दरों पर नीति बनाना, आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा देना, किसानों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेना और अजय मिश्र टेनी को बर्खास्त करना हैं। इनमें से कोई भी मांग सरकार के लिए सुविधाजनक नहीं है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने की मांग तो तीन विवादित कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग के साथ ही जुड़ी हुई थी। अगर सरकार इसे लेकर गंभीर होती, तो तीन कानूनों को रद्द करने के साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर गारंटी वाला कानून का प्रारूप भी अब तक बना चुकी होती। हालांकि आंदोलन समाप्त करने की अपील के साथ सरकार ने वादा किया था कि वह किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस ले लेगी, मगर साल भर से अधिक समय बीत जाने के बाद भी वह इस दिशा में आगे नहीं बढ़ पाई है। तब कुछ राज्य सरकारों ने अपने यहां दर्ज मुकदमों को वापस लेने का एलान भी कर दिया था। जहां तक मुआवजे की बात है, सरकार शुरु से कहती आ रही है कि मारे गए किसानों का वास्तविक आंकड़ा उसके पास नहीं है, इसलिए मुआवजे के बारे में कोई फैसला नहीं किया जा सकता। गृह राज्यमंत्री को बर्खास्त करने को लेकर वह कतई तैयार नहीं होगी।

## महिला जगत



# मिलिए एयरफोर्स के लड़ाकू यूनिट की पहली महिला कमांडर शालिजा धामी से

भारतीय वायुसेना में महिलाओं की सहभागिता बढ़ रही है। कई महिलाएं सेना में शामिल हो रही हैं। इन्हीं महिलाओं में शालिजा धामी का नाम शामिल हो गया है। शालिजा धामी का पद और उपलब्धि भारतीय वायुसेना में बढ़ गया है। धामी को पश्चिमी क्षेत्र में फ्रंटलाइन कॉम्बैट यूनिट की कमान मिली है। भारतीय वायुसेना के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी महिला को कॉम्बैट यूनिट की कमांडर बनाया गया है। वायुसेना की एक महिला पायलट बनना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है, साथ ही वह भारतीय महिलाओं के लिए मिसाल बन गई हैं। आइए जानते हैं भारतीय वायुसेना में कॉम्बैट यूनिट की कमांड शालिजा धामी के बारे में।



### लुधियाना की शालिजा हैं हेलिकॉप्टर पायलट

कमांडर शालिजा धामी का जन्म लुधियाना में हुआ था। उनके पिता एक सरकारी कर्मचारी थे, वहीं माता भी सरकारी नौकरी में थीं। पढ़ाई में होनहार शालिजा ने बचपन में ही पायलट बनने का सपना देखा था। जब वह 9वीं कक्षा में पहुंची तो उन्होंने तय कर लिया कि पायलट बनेंगी। अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने कड़ा परिश्रम किया और वर्ष 2003 में हेलिकॉप्टर पायलट बनीं।

### पहली महिला फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर

बाद में शालिजा ने भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर यूनिट की फ्लाइट कमांडर के पद पर भी कार्य किया है। इसके अलावा उनके नाम एक उपलब्धि और है। वह भारतीय वायुसेना की पहली महिला फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर भी रह चुकी हैं। बाद में वह विंग कमांडर के पद पर भी रहीं।

### 15 वर्षों से भारतीय वायुसेना में कार्यरत

वर्ष 2019 में शालिजा ने यूपी के गाजियाबाद में हिंडन एयरपोर्ट पर चेतक हेलिकॉप्टर यूनिट के कमांडर के पद पर अपनी सेवा दी। पिछले 15 सालों से वायु सेना में कार्यरत शालिजा फ्लाइट कमांडर यूनिट की कमान संभाल रही हैं। बता दें कि उनका ग्रुप कैप्टन का पद सेना के कर्नल के बराबर होता है।

## Highlights

1. **Asheesh Boyapati strikes gold for upcoming World Poker Tour 2023: Adda52**
2. **Few seats left for online degree courses: Manipal University Jaipur**
3. **Risks pointed out were 'hypothetical': TikTok CEO on ban in India**
4. **Terra Founder Do Kwon, wanted for $40 bn crypto crash, arrested in Montenegro**
5. **North Korea tests new underwater nuclear attack drone**
6. **US contractor killed, 5 US service members injured in Iranian drone strike in Syria**
7. **We know break-ups hurt: NZ as it launches ₹33 crore campaign to help teenagers**

# Accenture to cut 2.5% of workforce; lay off 19,000 employees

**NEW DEIHI, (Agency).** Accenture Plc on Thursday lowered its annual revenue and profit forecasts and said it would cut about 2.5% of workforce, or 19,000 jobs, the latest sign that the worsening global economic outlook was sapping corporate spending on IT services.

More than half of the layoffs will affect staff at its non-billable corporate functions, the company said, sending its shares up more than 4% before the bell.

Accenture now expects annual revenue growth to be between 8% and 10% compared to the previous projection of 8% to 11% increase.

Last month, rival Cognizant Technology Solutions pointed to "muted" growth in bookings, or the deals IT services firms have in the pipeline, in 2022 after its first-quarter revenue forecast came in below market expectations.




Accenture said it now expects earnings per share to be in the range of $10.84 to $11.06 compared to $11.20 to $11.52 previously.

"Companies remain focused on executing compressed transformations," Chief Executive Julie Sweet said in a post-earnings call referring to how businesses were trying to become leaner in the turbulent economy.

A survey of more than 1,000 IT decision makers by U.S.-based Enterprise Technology Research said they plan to reduce their 2023 budget growth. The growth expectations are now 3.4%, down from 5.6% increase captured in October 2022.

"Our forward-looking technology spending intentions data for both sectors (IT Consulting and Outsourced IT) are approaching zero!" said Erik Bradley, chief engagement strategist at the technology market research firm.

"In short, the data indicates a very difficult environment ahead for consulting firms."

# Biocon's Kiran Mazumdar-Shaw retires from Infosys board

**NEW DEIHI, (Agency).** Biocon's Kiran Mazumdar-Shaw has retired from Infosys' board of directors, the company announced Thursday. Shaw completed her tenure as an independent director of the board on Wednesday, the IT major said.

Shaw was appointed to the board as an independent director in 2014 and as lead independent director in 2018. She also served as the chairperson of the nomination & remuneration committee and CSR committee, and as a member of the risk management and ESG committees of the board. Infosys' new lead independent director is D. Sundaram as per the recommendation of the nomination & remuneration committee, the company stated in its release.



Sundaram, who has been on the board since 2017, is also part of the audit committee, risk management committee, stakeholders relationship committee, nomination & remuneration committee and cybersecurity risk sub-committee. He possesses expert knowledge in finance and strategy and has played a significant role in shaping the future strategies of Infosys.

Nandan Nilekani, Infosys chairman, thanked the biotechnology veteran for the guidance and able leadership that helped the company chart a strong growth trajectory.

Uttarpradesh

# अयोध्या राम मंदिर के गर्भगृह की फर्श के लिए नक्काशीदार पत्थरों की खेप पहुंची

**अयोध्या, (एजेंसी)** श्रीरामजन्म भूमि में निर्माणाधीन मंदिर का कार्य पूरी गति में है। राममंदिर के गर्भगृह में लगने वाले विशेष मीनाकारी दार मार्बल की खेप रामजन्मभूमि निर्माण स्थल पहुंच गए। उस पर काम भी तेज हो गया है। गुरुवार को तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय द्वारा अपने ट्विटर हैंडल से साझा की गई ताजा तस्वीरों में यह पत्थर स्पष्ट दिख रही हैं। सोशल मीडिया पर जारी इन तस्वीरों के साथ ही रामभक्तों में एक बार फिर से उत्साह का माहौल है।



गर्भगृह की सम्पूर्ण दीवारें, छत एवं फर्श भी मकराना मार्बल के ही लगाए जाने हैं। ताजा तस्वीर फर्श के मार्बल की है जिस पर खूबसूरत मीनाकारी की गयी है। इसके पहले गर्भगृह के चौखट-बाजू की तस्वीरें सामने आई थी जिन्हें यथास्थान लगाया जा चुका है। वहीं अब फर्श का काम भी शुरू हो गया है। उधर मिली जानकारी के अनुसार मंदिर निर्माण के प्रगति की समीक्षा के साथ भावी योजनाओं की रूपरेखा के निर्धारण के लिए श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के भवन निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक 27-28 मार्च को होगी। इस बैठक के लिए समिति के चेयरमैन व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पूर्व सलाहकार नृपेन्द्र मिश्र यहां 26 मार्च को आएंगे। पिछली रामनवमी की तरह इस साल भी तीर्थ क्षेत्र की ओर से रामलला के दर्शनार्थियों के लिए अन्न क्षेत्र की श्रीगणेश शुक्रवार से किया जाएगा। इसकी जानकारी न्यासी डा. अनिल मिश्र ने बताया कि यह अन्न क्षेत्र रामकोट स्थित गणपति भवन में चलेगा। उन्होंने बताया कि बीते साल भी यहीं आयोजन हुआ था। उन्होंने बताया कि अभी जन्मभूमि पथ के साथ भक्ति पथ पर निर्माण कार्य चल रहा है।

Uttarpradesh

## सायमा से शालिनी बनी युवती : हिंदू धर्म अपनाकर प्रेमी संग लिए सात फेरे, बोली- नहीं झेलना होगा तीन तलाक का दर्द

**बरेली, (एजेंसी)** बरेली के देवरनिया थाना क्षेत्र की रहने वाली सायमा अब शालिनी बन गई है। उसने हिंदू धर्म अपना लियाया और अपने प्रेमी शरद के साथ शादी कर ली। किला क्षेत्र के अगस्त्य मुनि आश्रम में गुरुवार शाम महंत केके शंखधार ने दोनों का विवाह कराया। विवाह से पहले देवरनिया थाने के गांव रहपुरा गनीमत निवासी सायमा उर्फ शालिनी और उसके प्रेमी शरद उर्फ विपिन कुमार ने अपने बालिग होने व सहमति से विवाह के शपथपत्र दिखाए। महंत केके शंखधार सायमा का धर्म परिवर्तन कराया। इसके बाद विवाह कराया गया। प्रेमी युगल ने बताया कि दोनों के घर गांव में पास-पास में हैं। वे काफी समय से एक-दूसरे को चाहते थे, लेकिन दोनों के परिवार उनकी शादी के लिए राजी नहीं थे। सायमा ने बताया कि उसकी हिंदू धर्म में पहले से आस्था है। अब तीन तलाक का डर भी नहीं रहेगा। सायमा उर्फ शालिनी ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ और बरेली पुलिस-प्रशासन से उसकी मांग है कि उसे और उसके पति को सुरक्षा दी जाए।



New Delhi

## दिल्ली में बेटे से साथ खड़ी महिला पर फेंका तेजाब, दोनों का अस्पताल में इलाज जारी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के भारत नगर इलाके में बेटे के साथ खड़ी महिला पर अज्ञात बदमाशों ने तेजाब फेंक दिया। तेजाब के कुछ छींटे उसके बेटे पर भी गिरे। घायल मां-बेटे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिल्ली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को भारत नगर इलाके में अपने मासूम बेटे के साथ खड़ी 36 वर्षीय महिला पर अज्ञात बदमाशों ने तेजाब फेंक दिया। इस दौरान तेजाब के कुछ छींटे महिला के बेटे पर भी गिरे। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस फिलहाल इस तेजाब हमले के पीछे आपसी रंजिश के संभावित एंगल से जांच कर रही है। दिल्ली में किसी महिया या लड़की पर तेजाब फेंकने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले बीते साल 14 दिसंबर को भी उत्तम नगर के मोहन गार्डन इलाके में बाइक सवार दो युवकों ने 12वीं क्लास में पढ़ने वाली 17 वर्षीय एक स्कूली छात्रा पर तेजाब से हमला कर दिया था। इस हमले में छात्रा बुरी तरह झुलस गई थी।

Jharkhand

# 4.50 लाख में बिका नवजात, मां को मिले 1 लाख, शेष राशि दलालों ने बांटी

**चतरा, (एजेंसी)** नवजात शिशु को बेचने के मामले में चतरा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर नवजात को बोकारो से बरामद कर ली। इस मामले में नवजात की मां सहित 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार सभी लोगों को जेल भेज दिया गया है। बच्चे को बेचने की डील 4 लाख 50 हजार रुपए में हुई थी। लेकिन एक लाख रुपए ही नवजात शिशु की मां को दिया गया था। शेष राशि मिडियेटर आपस में बांट लिए थे। पुलिस ने कुल 11 लोगों को किया गिरफ्तार



गिरफ्तार लोगों में शहर के दीभा मुहल्ला निवासी सहिया डिम्पल देवी, नवजात की मां आशा देवी, मालती देवी, बुच्चीडाड़ी गांव निवासी रामानंद कुमार, वहीं बोकारो के जाधाडीह मोड़ निवासी आनंद प्रकाश जायसवाल उर्फ मानु, हजारीबाग बड़कागांव थाना क्षेत्र केखराटी गोसाई, बलिया गांव निवासी सरोज कुमार, काला पत्थर गांव निवासी रजनीकांत साव, हजारीबाग बड़गांव के चंदनपुर गांव निवासी उपेंद्र कुमार, रामगढ़ गोला के खैरियाटांड़ गांव निवासी सारू देवी, हजारीबाग बड़कागांव के चंदनपुर गांव निवासी रीना देवी और बोकारो तैयटांड सेक्टर 9 के चंदन कुमार शामिल हैं।

खेल

# वर्ल्ड बॉक्सिंग में निखत लगातार दूसरे साल फाइनल में

## रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता वालेंसिया को हराया, नीतू भी फाइनल में

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय स्टार बॉक्सर निखत जरीन और नीतू घंघास का वर्ल्ड महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी है। निखत ने चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में गुरुवार को 50 किग्रा वर्ग में रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कोलंबिया की इंग्रिट वालेंसिया को हराकर फाइनल में जगह बनाई।**



भारतीय मुक्केबाज इसके साथ ही लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतने के और करीब पहुंच गई जब उन्होंने 5-0 से एकतरफा जीत हासिल कर ली। निखत ने साल 2022 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। निखत अब रविवार को फाइनल में दो बार की एशियाई चैंपियन वियतनाम की गुयेन थी टैम से भिड़ेंगी।

### नीतू ने बाल्किबेकोवा को 5-2 से शिकस्त दी

इससे पहले राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन नीतू घंघास (48 किलो) भी वर्ल्ड महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गईं। हरियाणा की 22 साल की नीतू ने सेमीफाइनल में मौजूदा एशियाई चैंपियन और पिछले साल की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता कजाकिस्तान की अलुआ बाल्किबेकोवा को 5-2 से हराया। नीतू अब शनिवार को फाइनल में 2022 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मंगोलिया की लुत्से खान अल्तांसेटसेग के खिलाफ खेलेंगी।

इसी के साथ नीतू ने बाल्किबेकोवा से पिछले वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया। वर्ल्ड चैंपियनशिप 2022 में नीतू क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान की अलुआ बाल्किबेकोवा से हारने के बाद पदक से चूक गईं थीं।

नीतू ने पूरी आक्रामकता के साथ खेलते हुए विरोधी पर जमकर घूंसे बरसाए। इससे पहले बुधवार को क्वार्टर फाइनल में हरियाणा की 22 साल की नीतू ने आरएससी (रैफरी के द्वारा मुकाबला रोके जाना) के आधार पर जापान की माडोका वाडा को हराया था।

### निखत का करियर

गौरतलब है कि भारतीय बॉक्सर निखत जरीन का करियर शानदार रहा है। इस दिग्गज बॉक्सर ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। इसके अलावा उन्होंने पिछले साल वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। निखत ने यह मेडल 50 किलोग्राम भार वर्ग में जीता था।

सिनेमा

## नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्म 'परिणीता' के डायरेक्टर प्रदीप सरकार का निधन, सेलेब्स ने जताया शोक

बॉलीवुड से बुरी खबर सामने आई है. फिल्ममेकर प्रदीप सरकार का निधन हो गया है. 68 साल की उम्र में प्रदीप सरकार ने अंतिम सांस ली. 24 मार्च की सुबह 3.30 बजे उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा. खबरों के मुताबिक, वे डायलेसिस पर थे. उनका पोटेशियम लेवल बहुत तेजी से गिरा, जिसके बाद प्रदीप सरकार को देर रात अस्पताल ले जाया गया. मगर डॉक्टर उन्हें बचा नहीं पाए. उनकी मौत के साथ फिल्म इंडस्ट्री ने एक टैलेंटेड फिल्ममेकर खो दिया.



एक्ट्रेस नीतू चंद्रा ने डायरेक्टर के निधन की खबर को कंफर्म किया है. उन्होंने ट्वीट कर ये दुखद खबर बताई. एक्ट्रेस ने लिखा- हमारे प्यारे डायरेक्टर दादा अब नहीं रहे. मैंने अपना करियर उनके साथ शुरू किया था. उनका टैलेंट गजब का था. उनकी फिल्में लार्जर देन लाइफ होती थीं. उन्हें बहुत याद किया जाएगा. एक्टर अजय देवगन ने भी डायरेक्टर के निधन पर शोक जताया है. अजय ने प्रदीप सरकार को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के लिए संवेदनाएं व्यक्त कीं. डायरेक्टर के निधन से सेलेब्स शॉक्ड हैं. मनोज बाजपेयी, हंसल मेहता ने उनकी आत्मा को शांति मिलने की दुआ की है.

वैसे तो उन्होंने कई सुपरहिट और कमाल की फिल्में बनाई थीं. मगर सैफ अली खान और विद्या बालन स्टारर परिणीता उनकी पहली मूवी थी. ये फिल्म आज भी मूवी लवर्स की फेवरेट है. इस मूवी ने विद्या बालन को स्टार बनाया.

# तीन लाख की ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर इनके पास से करीब तीन लाख रुपए की ब्राउन शुगर बरामद की है। टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि 2 संदिग्ध चंदन नगर के स्कीम नं 71 एचपी गैस गोडाउन के पास में ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले है। टीम ने चंदननगर पुलिस के साथ घेराबंदी कर विवेक उर्फ बच्चा, द्वारिकापुरी और राज जोशी,द्वारिकापुरी को पकड़ा। आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके पास से लगभग 30 ग्राम ब्राउन शुगर मिली जिसकी कीमत तीन लाख रुपए बताई गई है। आरोपियों से अन्य तस्करों के बारे में पूछताछ की जा रही है।**

## ड्रग तस्करी में पकड़ाए आंटी के बेटे को मनावर ले गई पुलिस

महंगी ड्रग की तस्करी में पकड़ाए आरोपी यश जैन से पुलिस कड़ी पूछताछ कर रही है। उससे गाड़िया और ड्रग्स जब्त करने के लिए पुलिस उसे मनावर ले गई है। ड्रग सप्लाई केस में गिरफ्तार आंटी उर्फ प्रीति जैन उर्फ काजल के बेटे यश को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस ने यश को दोस्त ऋषि के घर से संदिग्ध अवस्था में पकड़ा था। पुलिस के मुताबिक करीब डेढ़ साल पूर्व पुलिस ने स्कीम-78 से प्रीति जैन को मिथाइलीनडाईआक्सी मैथेमफेटामाइन (एमडीएमए) के साथ पकड़ा था। प्रीति हाईप्रोफाइल परिवार के युवक-युवतियों को ड्रग सप्लाई करती थी। उस वक्त यश फरार हो गया। पिछले दिनों यश को दिल्ली की क्राइम ब्रांच ने पकड़ा और विजय नगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। यश जैन के पास होटल, पब रेस्त्रां, काफी हाउस में ड्रग सप्लाई का काम था। एबी रोड स्थित एक पब में वह ड्रग की सप्लाई करता था। यहां आने वाली युवतियों को ड्रग्स पिलाता था। उनका वीडियो बनाकर उनके साथ दुष्कर्म करता था। एक युवती ने यश पर दुष्कर्म का आरोप भी लगाया था। पुलिस इस मामले में भी यश से पूछताछ कर रही है।

## छेड़छाड़ के आरोपी ने धमकाया

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने छेड़छाड़ के मामले में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी , अब आरोपी द्वारा उसे धमकाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के नाम मथुरा पांडे, देवेंद्र पांडे, अवनीश और एक महिला है। बताया जा रहा है छेड़छाड़ पीड़िता और आरोपी पक्ष एक ही कॉलोनी में रहते हैं। दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा है। पहले भी आरोपी पक्ष के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ था। अब दोबारा उन्होंने हरकत की तो फरियादी पक्ष ने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने गवाहों को धमकाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है और उनकी तलाश की जा रही है।

## बाइक सवार का सिर फोड़ा

**इंदौर।** बदमाशों ने एक बाइक सवार का सिर फोड़ दिया। आरोपियों ने चलती गाड़ी पर लात मारी। जब विरोध किया तो आरोपियों ने हमला कर दिया। साथी बचाने आया तो उसे भी पीट दिया। बरड़खसह पिता पूंजालाल (50) निवासी मानपुर की शिकायत पर अमृत के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह अपनी बाइक से जा रहा था। तभी आरोपी अपनी गाड़ी से उनके सामने से आए। उनके सामने आते ही आरोपियों ने मोटर साइकिल को लात मार दी। उनसे बोला कि गिरा दोगे क्या ? इस पर आरोपी वापस पलटकर उनके पास आए और उनके साथ में मारपीट कर दी। आरोपियों ने पत्थर मारकर सिर फोड़ दिया। बीच-बचाव करने अमृत आया तो आरोपियों ने उसका भी सिर फोड़ दिया।

## महिला को घर में घुसकर मारा चाकू

**इंदौर।** एक महिला को आरोपी ने घर में घुसकर चाकू मार दिया। प्रीति वर्मा (42) निवासी किशनगंज की शिकायत पर राहुल कौशल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी का उनकी देवरानी से विवाद हो गया था। इस पर आरोपी कल उनके घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। उधर, चोइथराम मंडी में के गेट पर आरोपी ने एक युवक को पीट दिया। यश त्रिवेदी पिता धर्मेन्द्र त्रिवेदी (24) निवासी सत्यदेव नगर की शिकायत पर अजय के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि शराब पीने की बात को लेकर आरोपी ने गाली-गलौज की और गर्म चाय फरियादी पर डाल दी। तपेली से मारकर चोट पहुंचाई।

# तीन सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

### एक लैपटाप,एक एलीडी, मोबाइल व नगदी बरामद कर ली है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने लसूडिया क्षेत्र के महालक्ष्मनी नगर स्थित एक मकान में भारत -आस्ट्रेलिया क्रिकेट मैच का आनलाइन सट्टा चलाने वाले तीन आरोपियों को गिर तार किया है और उनके कब्जे से एक लैपटाप,एक एलईडी, कई मोबाइल व नगदी एंव लाखों का हिसाब किताब मिला है।

क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि लसूडिया क्षेत्र के महालक्ष्मी नगर में मकान नंबर 118 में क्रिकेट मैच का आनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा है। इस पर टीम ने उक्त मकान में दबिश दी तो संदिग्ध व्यक्ति लैपटाप के माध्यम से क्रिकेट मैच का सट्टा संचालित करते पाए गए। जिसके टीम ने पकड़ा। गिर त में आए आरोपियों के नाम चेनत यादव निवासी महालक्ष्मीनगर, सागर श्रीवास्तव निवासी अशोकनगर व अभिषेक कुशवाह निवासी बिहार को गिर तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त स्थान से भारत-आस्ट्रेलिया क्रिकेट मैच का आनलाइन सट्टा संचालित करना स्वीकर किया एंव मोबाइल के माध्यम से भी ग्राहकों को सट्टा खिलवाते हुए लैपटाप पर हिसाब किताब किया जाना कबूल किया है। आरोपियों के किलाफ पब्लिक गै बलिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# आबकारी ने बड़ी मात्रा में जब्त की भांग

### अलग अलग स्थानों पर दी एक साथ दबिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आबकारी की टीम ने दो अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में भांग बरामद की है वहीं इस गोरखधंधे में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।**

अबाकारी की टीम ने अलसुबह आरोपी प्रभुलाल शर्मा निवासी इंदिरा नगर के यंहा दबिश देकर आरोपी के कब्जे से एक भांग पीसने की मशीन, 40 किलोग्राम सूखी भांग जब्त की है वहीं लक्ष्मीनारायण निवासी बड़ागणपति के यंहा भी कार्रवाई करते हुए उसके पास से 8 किलोग्राम सूखी भांग जप्त की है इसी तरह शांतिबाई निवासी तंबोली बावला के कब्जे से 12 किलोग्राम सूखीर भांग जप्त की है। टीम ने सत्री पिता सत्यनारायण यादव निवासी रामबाग के यंहा भी दबिश दी तो उसके कब्ज से 55 किलोग्राम गीली भांग एवं भांग पीसने की मशीन और पारस पिता रमेश गौड निवासी भोई मोहल्ले के पास से 25 किलोग्राम सूखी भांग जब्त की है। इसी तरह परदेशीपुरा में भी कार्रवाई करते हुए सुनिल पिता हीरालाल निवासी इंदिरा नगर के कब्जे से &5 किलोग्राम गाली भांग जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिर तार कर लिया गया है। जब्त किए गए माल व मशीन की कीमत 2 लाख रूपए से अधिक की बताई जा रही है।

# पिस्टल दिखाकर मांगे 5 लाख रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक मसाज पार्लर में घुसकर संचालक की कनपटी पर पिस्टल रखकर बदमाशों ने 5 लाख रुपए मांगे। फरियादी पंकज कुमार पिता राजेंद्र मोदी निवासी बालगढ़ देवास हाल मुकाम बंगाली चौराहा ने विजय नगर पुलिस के शिकायत कर्ज करवाई कि उसका मेदांता हॉस्पिटल के पास आर आर स्पा के नाम से मसाज पार्लर है । उसके मुताबिक 20 मार्च की शाम आरोपी अरुण मालवीय अपने साथियों के साथ पार्लर में घुस गया और मारपीट करते हुए उसकी कनपटी पर पिस्टल रख दी और 5 लाख रुपए मांगे शोर मचाया तो आरोपियों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। विजयनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 452 323 506 का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है। इसी प्रकार फरियादी राजेश पिता देवकरण लोधी निवासी बियाबानी ने पुलिस को बताया कि वह घर के बाहर घूम रहा था तभी क्षेत्र का गुंडा कैलाश उर्फ अजय चौहान ने रोका और गांजा पीने के लिए 200 रुपए मांगे नहीं दिए तो उसे चाकू मार दिया और धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## युवती से दुष्कर्म

**इंदौर ।** एक युवती के साथ दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में बेटमा पुलिस ने केस दर्ज किया है। घटना बेटमा थाना क्षेत्र की है। कालीबिल्लौद में स्थित संपत कॉलोनी में रहने वाली युवती की रिपोर्ट पर आरोपी विवेक पिता रजत शर्मा निवासी ग्राम रसीदपुर धार के खिलाफ धारा 376 506 और एससी एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी विवेक शर्मा ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया । पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया था आरोपी विवेक शर्मा ने उसके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर जान से मारने की धमकी दी । उधर, सिलिकॉन सिटी में रहने वाली एक महिला की शिकायत पर देवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे घर में अकेला देखकर अश्लील हरकत की शोर मचाया तो धमकी देकर भाग गया।

sponcership




दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।